NEWS Press Release

TATA POWER-DDL

बृहस्पतिवार, 26 फरवरी, 2026 प्रेस नोट

नई दिल्ली

टाटा पावर-डीडीएल की 'सूर्यांश - सोलर लगाइये, हर दिन बचत पाइये' पहल ने 100 से अधिक आरडब्ल्यू को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

- **वित्त 2025-26 के दौरान, इस पहल के तहत् 15,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन**
- **फरवरी 2026 में सूर्यांश के अंतर्गत 3,000 नए नामांकन दाखिल**

टाटा पावर-डीडीएल ने राजधानी दिल्ली में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हाल में रोहिणी में अपनी उल्लेखनीय रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) समिट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) तथा ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों (जीएचएस) ने हिस्सा लिया, और सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाने तथा अपने आस-पड़ोस को रिहाइशी इलाकों को विकेंद्रित सोलर हब में बदलने की प्रतिबद्धता जतायी।

रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) समिट में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीवाई) तथा सोलर सौर नीति का लाभ उठाने पर जोर दिया गया। ये दोनों योजनाएं रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस को अधिक सुगम तथा किफायती बनाने के उद्देश्य से पेश की गई हैं। टाटा पावर-डीडीएल अपनी 'सूर्यांश - सोलर लगाइये, हर दिन बचत पाइये' पहल के माध्यम से तकनीकी एवं प्रक्रियागत समर्थन प्रदान कर सौर स्वायत्ता को प्रोत्साहित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि इस पहल को उपभोक्ताओं की ओर से उत्साही प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, और वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, प्रोग्राम के तहत् अब तक 15,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। अकेले फरवरी 2026 में ही, लगभग 3,000 नए नामांकन किए गए हैं, जो इस बात का संकेत है कि शहरी घर-परिवार तेजी से सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस को अपनाने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) समिट के दौरान **वर्चुअल नेट मीटरिंग (वीएनएम)** तथा **नेट मीटरिंग (जीएनएम)** पर प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रही। ये फ्रेमवर्क खासतौर से बहुमंजिला रिहाइशी परिसरों के लिए उपयोगी हैं, जो इन इमारतों/परिसरों में रहने वाले बाशिंदों को साझा रूफटॉप इंफ्रास्ट्रक्चर और सौर ऊर्जा उत्पादन के लाभ आपस में बराबर बांटने का मौका देते हैं।

यह प्रोग्राम सौर ऊर्जा संबंधी जागरूकता से आगे जाकर अब उसके कार्यान्वयन पर केंद्रित है, जिसके तहत् सोलर इंस्टॉलेशन के लिए रूफटॉप संबंधी व्यवहार्यता मूल्यांकनों पर काम जारी है। टाटा पावर-डीडीएल ने इस प्रोग्राम के मंच पर कम्युनिटी लीडरों को 'सोलर चैंपियंस' के तौर पर सम्मानित किया। ये सोलर चैंपियंस अपनी-अपनी सोसायटियों में सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए सक्रिय रूप से काम करते रहे हैं।

इस संबंध में अपने अनुभवों को साझा करते हुए, पीतमपुरा स्थित सिद्धार्थ अपार्टमेंट के प्रतिनिधि ने कहा, *"टाटा पावर-डीडीएल अपने उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के लाभ उठाने के लिए आवश्यक मंच प्रदान कर रही है। इस मामले में, कंपनी उन्हें पीएम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से लेकर सब्सिडी वितरण तक - हर स्तर पर काफी सहयोग भी देती है - जिससे रूफटॉप सोलर का सपना राजधानीवासियों के लिए धीरे-धीरे साकार हो रहा है।"*

टाटा पावर-डीडीएल अपने बाशिंदों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए लगातार प्रेरित करती है। इसका लाभ उठाने के इच्छुक उपभोक्ता टाटा पावर-डीडीएल के सोलर पोर्टल से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या निम्न के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैंः

कॉल करें: 19124 अथवा **व्हट्सऐप** करें: 9910376600 पर 'YES' लिखकर भेजें।

टाटा पावर-डीडीएल के बारे में

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है। टाटा पावर-डीडीएल नॉर्थ दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी रही है और इसने उपभोक्ता-केंद्रित व्यवहारों के लिए अपनी साख बनायी है। निजीकरण के बाद से, टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी दर्ज की गई है। वर्तमान में, एटीएंडसी नुकसान 5.5% के स्तर पर पहुंच चुका है, और जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान स्तर की तुलना में इसमें अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए आप www.tatapower-ddl.com देख सकते हैं।

For further information please contact:

Corporate Communications:

Slough PR:

John Edwin (9910082270)

Abhishek Anand (9711061540)